आहोर में सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का आहोर क्षेत्र में कई जगहों पर भव्य स्वागत किया।

आहोर, (निसं)। जालोर जिले के दौरे पर आए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का आहोर क्षेत्र में कई जगहों पर भव्य स्वागत किया गया।

पाली के गिरोलिया गांव में आयोजित एक धार्मिक समारोह में शिरकत करने के बाद पायलट जालोर के लिए रवाना हुए। जालोर सीमा पर पायलट का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सीमा पर पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, भाद्राजून ब्लाक अध्यक्ष गलबाराम मीणा व संगठन महासचिव वागाराम परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों ने पायलट को साफा व मालाओं से लाद दिया। इसके बाद पायलट की गाड़ियों का काफिला आहोर शहर के अंबेडकर सर्किल पर पहुंचा तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट जिंदाबाद के नारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया। अंबेडकर सर्किल पर भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह व जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पायलट को साफा व मालाएं पहनाकर ढोल धमाके के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके गजेन्द्र सिंह डोडीयाली, खुशाल सिंह राजपुरोहित, नारायण सिंह राठौड,भरतसिंह राजपुरोहित, मांगीलाल चौधरी, भंवरलाल छिपा, जोगेंद्र सिंह, उदयराज मेघवाल, हनसिंह, कूपाराम नोरवा, पृथ्वी सिंह सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पायलट के स्वागत के लिए जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के नहीं आने पर चर्चा का विषय रहा।

कांठोसजनों ने किया भव्य स्वागत

पाली। पाली जिला कांठोस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में आज रविवार को प्रातः 10:00 बजे अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार सचिन पायलट का जोधपुर से रोहट टोल नाका पहुंचने पर जिला कांठोस पाली की ओर से माला व साफा पहनाकर शानदार स्वागत किया गया। इस मौके पर कांठोस जिला अध्यक्ष अजीज दर्द लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल, पीसीसी महासचिव शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, ब्लॉक अध्यक्ष पाली जीवराज बोराणा, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी सिंह राजपुरोहित, रोहट प्रधान सुनिता कंवर राजपुरोहित, पुर्व जिला परिषद सदस्य जोगाराम सोलंकी, मण्डल अध्यक्ष प्रकाश सोनी, प्रकाश सांखला, जिला प्रवक्ता रफीक चौहान, पुर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज, सुनील रामावत, माणक गर्ग, जयेश मेवाड़ा, जावेद सिरोहा, वजाराम गरवलिया, शहजाद शेख, असगर खत्री, ताराचंद चंदनानी, राहुल घावरी, जावेद गौरी, कालुराम विश्नोई, नेमाराम बजाड़, सोनाराम राठौर सहित कांठोस जन उपस्थित रहे।

बाबा रामदेव सरस्वती संस्कार केंद्र का वार्षिक उत्सव संपन्न

रामदेवरा, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रामदेवरा की ओर से संचालित बाबा रामदेव सरस्वती संस्कार केंद्र ब्रजपुरा का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भोमसिंह तंवर कोषाध्यक्ष विद्या मंदिर समिति, मुख्यवक्ता विद्या भारती जोधपुर प्रांत के संस्कार केन्द्र प्रमुख ओम प्रकाश धामु , जैसलमेर संस्कार केंद्र जिला प्रमुख घेवर सिंह भाटी ,विशिष्ट अतिथि संस्कार केंद्र समिति अध्यक्ष रघुनाथ राम जी, संरक्षक प्रकाश बेलदार , कानसिंह तंवर , भोमसिंह प्रधानाचार्य आदर्श विद्यामंदिर माध्यमिक रामदेवरा , संस्कार केंद्र प्रभारी माधव प्रकाश व बस्ती की माताएं बहने अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर दीप मंत्र व सरस्वती वंदना प्रार्थना से किया।

ओम प्रकाश धामु ने संस्कार केंद्र के भैया बहनों का मार्गदर्शन किया। भैया बहनों द्वारा नृत्य एवं गीत, कविता , योग व शारीरिक के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केन्द्र संचालक ने संस्कार केंद्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। भोमसिंह तंवर ने सभी भैया बहिनों व अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

थैलेसीमिया रक्तदान कैंप के लिए आई कई संस्था आगे, 110 यूनिट हुआ रक्तदान

पाली । वर्ल्ड थैलेसिमिया डे के उपलक्ष्य मै थैलेसीमिया सप्ताह मानते हुए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मोर्चा जिला प्रवक्ता मनीष जावा ने कहा कि जिसमे पाली में अनेक संस्थाएं ने भाग लेकर 110 यूनिट रक्त संठाहण किया गया। जिस में पाली थैलेसिमिया सोसायटी, नीरज सोनी मोहम्मद कबाड्डी मुन्ना मकरानी जावेद जिलानी मुस्लिम युवा फाउंडेशन, देविका सेवा संस्थान,अनिता भाटी ठ्रूप, बंजारा समाज,सीरवी नव युवा सेवा,द्वारकाधीश सेवा समिति, दुगेश देवासी समाज,आरिक पिंजारा,मनीष जावा,सुरेश देवासी,तेरा पंथ युवा परिषद् आदि संस्थाओं का सहयोग रहा।

पाली थैलेसिमिया सोसायटी सचिव काजल शर्मा, अध्यक्ष जितेंदर व्यास द्वारा रक्त दाताओं एवं ब्लड बैंक के प्रभारी मांगीलाल जी एवं समस्त् स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। संस्थाओं द्वारा बताया कि पाली में रक्तदान की हम कभी भी रक्त की कमी नहीं आने देंगे कि हम आज प्रण लेते हैं पाली वर्ल्ड थैलेसिमिया डे के उपलक्ष्य मै थैलेसीमिया सप्ताह मानते हुए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मोर्चा जिला प्रवक्ता मनीष जावा ने कहा कि जिसमे पाली में अनेक संस्थाएं ने भाग लेकर 110 यूनिट रक्त संठाहण किया गया। जिस में पाली थैलेसिमिया सोसायटी, नीरज सोनी मोहम्मद कबाड्डी मुन्ना मकरानी अजय वैष्णव भाजपा युवा मोर्चा जावेद जिलानी मुस्लिम युवा फाउंडेशन, देविका सेवा संस्थान,अनिता भाटी ठ्रूप, बंजारा समाज,सीरवी नव युवा सेवा,द्वारकाधीश सेवा समिति, दुगेश देवासी समाज,आरिक पिंजारा,मनीष जावा,सुरेश देवासी,तेरा पंथ युवा परिषद् आदि संस्थाओं का सहयोग रहा। पाली थैलेसिमिया सोसायटी सचिव काजल शर्मा, अध्यक्ष जितेंदर व्यास द्वारा रक्त दाताओं एवं ब्लड बैंक के प्रभारी मांगीलाल जी एवं समस्त् स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। संस्थाओं द्वारा बताया कि पाली में रक्तदान की हम कभी भी रक्त की कमी नहीं आने देंगे कि हम आज प्रण लेते हैं

भवन चयन की प्रक्रिया शुरू

धोरीमना, । उपखंड मुख्यालय पर नवसृजित एडीजे न्यायालय के अस्थाई भवन के लिए भवन के चयन के लिए बाडमेर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा भवन का निरीक्षण कर भवन चयन की प्रक्रिया शुरू की गई । स्थानीय बार एसोसिएशनके अध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश बिश्नोई ने बताया की इस बार बजट 2025 में स्वीकृत अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के न्यायालय भवन के लिए अस्थाई रूप से सार्वजनिक भवन के चयन के लिए उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट बाडमेर द्वारा अलग-अलग स्थान पर भवन का निरीक्षण कर जनता की हितों को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा शीघ्र ही धोरीमना उपखंड मुख्यालय पर नई सौगात के रूप में एडीजे न्यायालय शुरू होगा ।

इस दौरान उपखंड मजिस्ट्रेट धोरीमना तहसीलदार धोरीमना विकास अधिकारी धोरीमना समस्त अधिवक्ता गण ग्राम पंचायत धोरीमना के पूर्व सरपंच मनोहर लाल बिश्नोई वह अन्य जनप्रतिनिधि व भामाशाह भी इस दौरान उपस्थित रहे ।

शिक्षा विभाग के कार्मिकों का किया सम्मान

पाली । शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ पाली के द्वारा हाल ही में राज्य स्तर पर सम्मानित हुए पाली शिक्षा विभाग के कमल श्रीवास्तव,श्रीमती वीणा देवी शर्मा,राजेश माथुर,ओमप्रकाश पंवार,व राहुल परमार का आज संघ द्वारा साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर बहुमान किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश बोहरा ने बताया कि इस अवसर पर जेडी ऑफिस के हेमंत ओझा,दिनेश गिरी,विनोद शर्मा,किशोर लालवाणी डीईओ माध्यमिक के हेमंत जोशी,महेश शर्मा,महिपाल,कुलदीप,तराना वैष्णव, विकास पुरोहित डीईओ प्रारंभिक के अरविन्द,विशाल पुरोहित, सीडीईओ पाली के योगेश त्रिवेदी,सीबीईओ पाली के रक्षित शर्मा, महेंद्र,नवीनजैन विनोद पुनर,हुकमीचंद सेन, जस्साराम सहित कई कार्मिक मौजूद थे।

पाली में बरसात

पाली। शनिवार को दिन भर की तपिश के बाद शाम को अचानक मौसम बदला। तेज हवाएं चली और बूंदाबांदी हुई। तेज हवा चलने के साथ ही अचानक शाम करीब आठ बजे बूंदाबांदी शुरू हुई। करीब पांच मिनट तक बूंदाबांदी हुई। जिससे मौसम में ठंडक हो गई। देर रात तक बिजलियां कड़कती रही और हल्की बरसात जारी रही। मध्य रात्रि 1 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश हुए। कही जगह पेड़ भी गिरे,लेकिन कोई जान माल की हानि नहीं हुई।

छुआछूत सामाजिक और संवैधानिक अपराध : स्वामी अखिलेश्वररानंद

- जालोर में पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज का सर्व समाज द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया

जालोर, (कासं) । चैत्रीय नवरात्र के पावन पुण्यशाली अवसर पर जालोर नगर में ऋषि ज्ञानआत्मानंद महाराज, भारत माता संस्कार सेवा ट्रस्ट के सानिध्य में सनातन धर्म संस्कार कथा एवं भारत माता आराधना में 4 अप्रैल को पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज का सर्व समाज द्वारा बहुमान, स्वागत किया गया । सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने पूज्य स्वामी का फूल माला व साफा पहनाकर बहुमान व अभिनंदन किया । इस बहुमान आयोजन में समाज के गणमान्य समाज-बंधु उपस्थित रहे। स्वामी जी ने ऋषि ज्ञानात्मानंद के भारत माता ट्रस्ट द्वारा की जा रही कथा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैदिक धर्म एवं भारतीय संस्कृति समाज को संस्कार से शिक्षित करने का प्रेरणादायक प्रयास कर रहें है ।

पूज्य जलंधरनाथ और जाबालि ऋषि की तपोभूमि पर सर्व समाज का यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता का संदेश दे रहा है । महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वररानंद ने कहा कि हमारे भगवान, शास्त्र सामाजिक समरसता की प्रेरणा देते है। उन्होंने परिवार में संस्कारों की स्थापना पर बल देते हुए कहा भारत का भविष्य के आधार परिवार और संस्कारों पर ही निश्चित होगा। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए ऋषि ज्ञान आत्मानंद मायड भाषा मे कथा करते हुए गुरु महिमा और गृहस्थ धर्म के कर्तव्यों की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि संसार के सारे संसाधन ईश्वर की संपदा है और हम सभी उसके ट्रस्टी हैं। अतः ईश्वरी संपदा का प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए केवल भोग विलास के लिए नहीं।

इस अवसर पर देवीलाल माली , गिरीश माथुर, दिनेश माली, बाबूलाल सुंदेशा,अजय गुप्ता,मदन सोलंकी, संदीप जोशी, अशोक शर्मा, राजेन्द्र भूतडा, सुरेश सोलंकी,दिनेश महावर, उमाकांत गुप्ता, देवीलाल सुंदेशा, बलवीर शर्मा, मोहनलाल, बालकृष्ण, सरदारसिंह,सुषमा गोयल, प्रेमराज, गोपाल जोशी, अशोक गुर्जर, कपूराराम परिहार , उमाकांत गुप्ता, नारायण लाल सहित काफी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

सुरक्षा सूची में जुड़ और हट सकेंगे नाम कलेक्टर स्तर पर

जालोर, (कासं)। अब ज़िला कलेक्टर के स्तर से भी खाद्य सुरक्षा सूची में नाम शामिल करने और हटवाने का कार्य सम्पन्न किया जा सकेगा। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर नियमों में प्रावधान किए गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में सभी पात्र लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर कर रही हैं। इसी क्रम में ज़िला कलेक्टर को भी एनएफएसए में नए लाभार्थियों को जोड़ने और अपात्रों को हटाने के लिए अधिकृत किया गया है। गोदारा ने कहा कि कई बार रात्रि चौपाल में और जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर के समक्ष ऐसे वंचित आवेदक आते हैं । जिन्हें प्रथम.ष्टया खाद्य सुरक्षा के पात्र प्रतीत होने के बावजूद जिला कलेक्टर अपने स्तर से एनएफएसए से जोड़कर लाभान्वित नहीं कर पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर को भी अपने स्तर पर खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने के लिए अधिकृत करने का निर्णय लिया गया है। इससे जिला कैक्टर भी स्वप्रेरणा से या आवेदन प्राप्त होने पर समावेशन और निष्कासन मानदण्डों के आधार पर खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए समुचित आदेश पारित कर सकेंगे।

पाली में कुक ने वार्डन पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

पाली । में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित एक हॉस्टल में काम करने वाली 32 वर्षीय महिला कुक ने हॉस्टल वार्डन पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। वार्डन ने आरोप को निराधार बताया। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की है।

कोतवाल अनिल विश्नोई ने बताया- पाली में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित एक हॉस्टल में काम करने वाली विवाहिता ने थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि वह संविदा पर पिछले करीब दो साल से हॉस्टल में कुक का काम करती है। उसका पति प्राइवेट नौकरी करता है। दोनों हॉस्टल में बने सर्वेन्ट क्वार्टर में रहते हैं 3 मई की सुबह करीब साढ़े 11 बजे हॉस्टल वार्डन ने उसके पति को बाइक ठीक करवाने मैकेनिक के पास भेज दिया। उस समय वह रसोई में साफ-सफाई का काम कर रही थी। वार्डन आया और पानी मांगा पानी का लौटा देकर वह वापस काम में लग गई।

आरोप है कि इस दौरान वार्डन ने उसे पीछे से पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। उसने अपने आपको छुड़ाया और कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर दिया। कुछ देर बाद उसका पति आया तो उसने दरवाजा खोला और सारी बात बताई। इस पर उन्होंने इसको लेकर वार्डन से बात की तो झगड़ा करने लगे और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की।

वार्डन की सफाई- काम के लिए टोक तो आरोप लगाया इस मामले में वार्डन का कहना है कि महिला उसके हॉस्टल में कुक का काम नहीं करती। उसका पति काम करता है वह यहां क्वार्टर में पति के साथ रहती थी। कुछ दिनों पहले उन्हें क्वार्टर खाली करने को कहा था। कामकाज को लेकर महिला के पति को डांटा था। इस बात से वे नाराज थे और छेड़छाड़ का आरोप लगाया जो कि झूठा है। पुलिस जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा।

कोचिंग'योजना 12 तक

जालोर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 12 अप्रैल कर दिया है। निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बताया कि छात्रों की मांग पर आवेदन की तिथि को बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन पत्र कर सकते हैं। अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा जैसे आरपीएससी द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर एवं पूर्व में 3600 ग्रेड पे तथा वर्तमान में पे मेट्रिक्स में पे लेवल-10 एवं ऊपर की अन्य परीक्षाएँ, इंजीनियरिंग/मेडिकल प्रवेश परीक्षा, रेलवे रिक्रूटमेन्ट बोर्ड (आर.आर.बी.) द्वारा आयोजित परीक्षाएँ, आरएसएसबी द्वारा आयोजित परीक्षा जैसे पटवारी, कनिष्ठ सहायक हेतु पूर्व की ग्रेड पे 2400 तथा वर्तमान पे लेवल 5 से ऊपर तथा पूर्व की ग्रेड पे 3600 एवं पे लेवल 10 से कम की अन्य परीक्षाएँ, क्लैट परीक्षा, बैकिंग/बीमा की विभिन्न परीक्षाएँ, सीए एफसी सीयूइटी, सीएस इइटीसीयूइटी, सीएमए एफसीसीयूइटी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा यह अनूठी योजना संचालित की जा रही है।

जालोर जनसुनवाई 9 को

- द्वितीय गुरूवार 10 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाइ

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रेल को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि प्रत्येक माह की भांति माह अप्रेल के द्वितीय गुरूवार 10 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई की जानी है। किन्तु 10 से 14 अप्रेल तक राजकीय अवकाश होने के कारण अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई एक दिन पूर्व 9 अप्रेल को आयोजित की जायेगी । जिसमें आमजन की परिवेदनाओं व समसयाओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जायेगा।

खराब मौसम के बीच भी युवाओं ने दिखाया जज़्बा

पाली । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर महानगर के खेलों भारत गतिविधि के तहत मैराथन रन फॉर मारवाड़ का आयोजन जेएनवीयू के केंद्रीय छात्रसंघ कार्यालय परिसर में किया गया महानगर मंत्री विशाल गौड़ ने बताया कि अभाविप जोधपुर के द्वारा युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश देने के मैराथन का आयोजन किया गया, मैराथन में देशभर से आयी युवा तरुणाई ने भाग लिया, पुरुष वर्ग में 812 और महिला वर्ग में 223 प्रतिभागियों ने भाग लिया, आँधी अंधड़ और ख़राब मौसम के बीच भी युवाओं का जोश देखने लायक़ था, मैराथन को पूर्व सांसद कर्नल मानवेन्द्र सिंह जसोल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्विनी शर्मा और आकाश क्लासेज़ ने झंडी दिखाकर रवाना किया, कुल पाँच किलोमीटर की मैराथन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर मोहित रहे जिन्हें अतिथियों द्वारा साइकिल पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई द्वितीय स्थान पर मोहन जिन्हें 11000 रुपए का गिफ्ट वाउचर और तृतीय स्थान पर मुकेश जिन्हें 5100 रुपए का गिफ्ट वाउचर दिया गया महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रामली रहीं जिन्हें अतिथियों द्वारा साइकिल पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई द्वितीय स्थान पर पूजा जिन्हें 11000 रुपए का गिफ्ट वाउचर और तृतीय स्थान पर राजकुमारी जिन्हें 5100 रुपए का गिफ्ट वाउचर दिया गया इसके अलावा प्रत्येक वर्ग में क्रम संख्या 4 से 10 को ट्रैक सूट और 11 से 20 को स्पोर्ट्स सूज सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए । कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांत मंत्री पूनम भाटी और कर्नल मानवेन्द्र सिंह जसोल का उद्बोधन रहा, समापन में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्विनी शर्मा और राज्य सभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने संबोधित किया।

'मीडियाकर्मियों की कठिनाइयों को दूर करने के होंगे हर प्रयास'

माउंट आबू में मीडियाकर्मियों के खुले सत्र को केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने सम्बोधित कियाा

जालोर/माउंट (कासं)। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान पूरी मेहनत के साथ देश के पालन पोषण करने में प्रयासरत रहता है। धरती में विभिन्न प्रकार की रासायनिक खादें डालकर उसे विकृत बनाया जा रहा है। धरती का संरक्षण करने के लिए जैविक खेती व प्राकृतिक खेती की तरफ अपने कदम बढाने होंगे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का देश को आर्थिक व सामाजिक रूप से विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शोषित, पीडति व वंचित समाज को सशक्त बनाने के लिए मीडियाकर्मियों को नेत्र हमेशा खुला रहता है।

उन्होंने कहा कि मीडिया की कङ्गिनाइयों को संज्ञान में लाकर केंद्र में चर्चा करने के बाद उन्हें दूर करने की हर संभव कोशिश की जाएगी। ब्रह्माकुमारी संगठन देश भर की मीडिया को एकत्रित कर विश्व में शान्ति स्थापना करने का कार्य कर रहा है जिसके लिए संस्था साधुवाद की पात्र है। जो समाज के हर वर्ग को एक साथ लेकर वसुधैव कुटुम्बकम की वास्तविक भावनाओं को परिलक्षित कर रही है। देश में अशांति फैलाने वाली ताकतों को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से सतर्क है। हर व्यक्ति अधिकार की बात करता है लेकिन मीडिया कर्तव्यों का बोध कराने में हमेशा अग्रसर रहता है। सच्चाई, संगत, सोसायटी भी समाज उत्थान के घटक हैं। मेडिटेशन आत्मा को परमात्मा से मिलाने का सशक्त माध्यम है।

संगठन के विज्ञान व तकनीकी प्रभाग के अध्यक्ष मोहन सिंहल ने कहा कि हर व्यक्ति की नजर हमेशा मीडिया मंच की तरफ ही रहती है। मीडिया संसार के हर कोने में हो रही घटनाओं को पल झपकते ही एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता है। इसी तरह से राजयोग भी मन को एक सेकेंड में इस लौकिक जगत से अलौकिक जगत ब्रह्माण्ड में रहने वाली परमशक्ति से जोड देता है। जिससे जीवन में परमात्म शक्ति का समावेश होने से हर कार्य सुगम हो जाता है।

संगठन के महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सविता अरोडा, दिल्ली जनभावना एडिटर डॉ. विवेक गौतम, सोनीपत डीआईपीआरओ राकेश गौतम, ओम शान्ति मीडिया एडिटर डॉ. बीके गंगाधर, राजयोग प्रशिक्षिका बीके योगिनी बहन ने भी मीडिया के विभिन्न विषयों के तहत मीडिया को सशक्त बनाने, समाज को नई दिशा देने, वर्तमान चुनौतियों में मीडिया की सकारात्मक भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

अध्यक्ष बने वाहिद अंसारी

- नसरुद्दीन अंसारी द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

कोटा, (निसं)। कोटा डोरिया हाड़ौती विकास संस्थान (केडीएचएफ) कार्यसमिति का आयोजन रविवार को किया गया। मीटिंग में संस्था के अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया और कार्यकारिणी द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया साथ ही इस्तीफा स्वीकार करने के बाद कार्यकारिणी के उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्थान के उपाध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी को संस्थान का नया अध्यक्ष चुना साथ ही रिक्त चल रहे कोषाध्यक्ष पद पर भी कार्यकारिणी द्वारा सिराज ढलवाल को पदस्थापित किया गया।

अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के साथ ही नए पदाधिकारियों का कार्यकारिणी सदस्य व आमजन ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष वाहिद अंसारी का कहना था ।

कि वह कोटा डोरिया को लेकर आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे साथ ही इसे और भी अधिक आगे बढ़ाने का प्रयास सभी का सहयोग लेकर किया जाएगा। सरकार के स्तर पर जो बेहतर किया जा सकेगा वह किया जाएगा।

नई कार्यकारिणी पूरे विवेक व सभी को साथ लेकर कार्य करेगी और कोटा डोरिया की पहचान को और चार चांद लगाएगी। मीटिंग में फिरोज गहलोत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आबिद चंडालिया, मुस्तकीम कचारा, हाजी लटूर बिहारी, अब्दुल कद्दूस बिहारी, अब्दुल मजीद, मुख्तार मैतवाल, मोहसिना बानो, यूनुर्स, जलील सहित कई लोग उपस्थित रहे।

पाली में नीट यूजी-2025 परीक्षा आयोजित

पाली । रविवार को नीट यूजी-2025 परीक्षा का आयोजन किया गया। शहर के 5 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। जहां कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई।

परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित हो रही है । परीक्षा को लेकर सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। मेटल डिटेक्टर, बॉयोमेट्रिक जांच के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। इसके साथ ही जिन लड़कियों ने कानों, नाक में गहने पहन रखे थे वे खुलवाएं गए,बच्चों के जींस के स्टील के हुक खुलवाए,बालिकाओं के हाथों में लगी नेल पॉलिश हटवाई गई। इसके साथ ही मन्नत के धागे, बेल्ट आदि खुलवाए गए। कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। परीक्षा को लेकर सिटी कोऑर्डिनेटर बनाए गए मीणा ने बताया कि परीक्षा को लेकर 2016 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। पाली शहर में बांगड़ कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, बांगड़ स्कूल, मिल एरिया गर्ल्स स्कूल, बालिया स्कूल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

इस बार दिव्यांगों की श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थी को परीक्षा देने के लिए एक घंटा अतिरिक्त दिया गया है। वे शाम 6 बजे तक परीक्षा प्रश्न पत्र हल कर सकते हैं। साथ ही पाली सहित प्रदेश भर में इस बार सरकारी स्कूल, कॉलेजों में ही परीक्षा आयोजित की जा रही है।

सरकारी कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई गई है। ताकि नकल के मामले रोके जा सकें। पाली शहर के बांगड़ स्कूल परीक्षा केंद्र पर विपिन कुमार शर्मा भी केंद्र का निरीक्षण करते नजर आए।

कार्यालय ग्राम पंचायत नरसिंगों की ढाणी, पं.स. फतेहगढ

क्रमांकः ग्रापरू/संस्थापन/2025-26/37 दिनांकः 02.05.2025

ई- निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

ग्राम पंचायत नरसिंगों की ढाणी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित अन्य विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री हेतु सामग्री आपूर्ति वार्षिकी दर संविदा पर क्रय करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो/ फर्मों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB CODE- PFT25260016
BID/UBN- PFT2526GLOB00016

सरपंच/ ग्राम विकास अधिकारी,
ग्रा.प. नरसिंगों की ढाणी, पं.स. फतेहगढ

कार्यालय ग्राम पंचायत भाडली, पं.स.,फतेहगढ, जि.जैसलमेर

क्रमांकः-ग्रा.प.भाडली/2025-26/55 दिनांकः 02/05/2025

ई-निविदा सूचना संख्या-01/2025-26 NIB CODE - PAT252640014

कार्यालय ग्राम पचांयत भाडली में में वित्तिय वर्ष 2025-26 में महानरेगा योजना एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री आपूर्ति वार्षिकी दर संविदा पर क्रय करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यमरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व निविदा विशिष्टियों आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in, पर तथा कार्यालय समय में कार्यालय में देखा जा सकता । इच्छूक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है । नोट : कार्यालय ग्राम पचांयत भाडली पंचायत समिति, फतेहगढ जिला जैसलमेर में जमा करवाने होंगें। UBN: PFT2526GLRC000 14

ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा.पं. भाडली, पं.स. फतेहगढ़ सरपंच, ग्रा.पं. भाडली, पं.स. फतेहगढ़